ployment Scheme Prime Minister's Rozgar Yojana (PMRY). Government have also recently launched a two million job scheme of Khadi & Village Industries Commission (KVIC) which is being implemented in all States including Gujarat and Maharashtra.

Employment in Gujarat or in Maharashtra, as in any State, depends on the pace and pattern of development in the State for which the State Government is mainly responsible and the Central Government supplements the efforst of the State Government through programmes of the kind mentioned above.

(c) State-wise allocation of Central funds for these special programmes are made only in the Annual Plan. Allocations in the Annual Plans 1992-93, 1993-94 and 1994-95 in respect of schemes in operation during these years are given in Annexure. [*See* Appenelix 174, Annexe No. 28]

सुपर बाजार बिक्री और मुनाफे की वृद्धि-दर

859. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:** क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1990-91 से अब तक सुपर बाजार की बिक्री और मुनाफे में वृद्धि की क्या दर रही है;

(ख) क्या बिक्री और मुनाफे की यह दर 1980 के दशक में हुई बिक्री और मुनाफे में वृद्धि की दर की तुलना में अधिक है या कम है; और

(ग) मुनाफे की दर में वृद्धि अथवा कमी के क्या कारण हैं?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री बूटा सिंह): (क) से (ग) 1980-81 से 1993-94 तक की अवधि के लिए सुपर बाजार की वर्ष-वार बिक्री, निवल लाभ और बिक्री तथा निवल लाभ में वृद्धि की दर दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है। (नीचे देखिए) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि निवल लाभ तथा निवल लाभ दर में गिरावट वास्तविक बिक्री कार्य, वेतन और मजदूरी पर व्यय और सांविधिक देयताओं के भुगतान के कारण हुई कही जा सकती है।

विवरण

1980-81 से 1993-94 के दौरान सपुर बाजार की वर्ष-वार बिक्री निवल लाभ तथा उसमें हुई वृद्धि दर

वर्ष	बिक्री (लाख रु० में)	वृद्धि दर	निवल लाभ (लाख रु० में)	वृद्धि दर
1980-81	1994.46	53.27%	4.45	—22.34%
1981-82	2340.92	17.37%	19.20	331.4%
1982-83	2826.07	20.72%	36.03	87.65%
1983-84	3909.08	38.32%	58.45	62.22%
1984-85	4431.70	13.36%	16.50	—71.78%
1985-86	6512.09	46.94%	31.84	92.96%
1986-87	6677.68	2.54%	65.55	105.87%
1987-89 (18 महीने)	15998.04	138.07%	93.97	—43.10%
1989-90	9919.30	—37.7%	53.39	—59 10%
1990-91	9815.00	—1.05%	21.34	—59.10%
1991-92	9784.01	—.32%	9.33	—57.29%
1992-93	10303.98	5.31%	10.83	16.00%
1993-94	11520.34	11.80%	41.65	284.59%

1980-81 से 1993-94 तक सुपर बाजार की बिक्री, निवल ... ध और वृद्धि दर।